**खबर संक्षेप**

### विभागीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 25 फरवरी को

**मण्डला।** कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडल संभाग मंडला द्वारा विभागीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित किए जाने की सूचना जारी की गई है। जारी पत्र के अनुसार यह बैठक 25 फरवरी को दोपहर 3 बजे कार्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। कार्यपालन यंत्री द्वारा जारी पत्र में विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों के जिला शाखा अध्यक्षों को बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। बैठक में विभागीय विषयों पर चर्चा एवं आवश्यक निर्णय लिए जाने की संभावना है।

### लाड़ली बाई विश्वकर्मा का निधन



**भुआबिछिया।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक जंतीपुर, निवासी श्याम बिहारी विश्वकर्मा, प्रमोद, हरि, संतोष, (दादा )मन्नू विश्वकर्मा की माता स्व, रमैया लाल विश्कर्मा की धर्म पत्नी श्रीमती लाड़ली देवी विश्वकर्मा का 94 वर्ष की आयु में विगत रात्रि निधन हो गया , अंतिम संस्कार आज सुबह 11:00 बजे जंतीपुर मुक्तिधाम में किया गया, इस अवसर पर शव यात्रा में सैंकड़ों लोग ने भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित

## प्रतिनियुक्ति से हटाये जायेंगे उच्च माध्यमिक गणित और विज्ञान के शिक्षक

# सहायक आयुक्त ने इस आशय का जारी किया पत्र

*** ए.पी.सी./बी.आर.सी./बी.ए.सी.सी. परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश के सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य, मंडला ने उच्च माध्यमिक गणित और विज्ञान शिक्षक प्रतिनियुक्ति के मामलों में सख्त आदेश जारी किए हैं। कार्यालयीन आदेश के अनुसार, जिन शिक्षकों ने आवश्यक ए.पी.सी./बी.आर.सी./बी.ए.सी.सी. परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, उन्हें प्रतिनियुक्ति से तत्काल हटाया जाएगा।


आयुक्त जनजातीय कार्य, भोपाल द्वारा दिनांक 2 फरवरी 2026 के पत्र के संदर्भ में यह कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। सहायक आयुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधीनस्थ गणित और विज्ञान शिक्षकों की सूची-नाम, पद, मूल पदस्थ संस्था, प्रतिनियुक्ति दिनांक और पद सहित-आज ही विभाग को सूचित करें।

पूर्व में दिनांक 06.01.2012 के कार्यालयीन पत्र के माध्यम से संबंधित प्रकरण की जानकारी मांगी गई थी, लेकिन प्राप्त प्रतिवेदन में वांछित जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई और तथ्यात्मक रूप से भिन्न जानकारी प्रस्तुत की गई। अब विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सूचनाएँ तत्काल विभागीय ईमेल आईडी पर भेजी जाएँ और हार्ड कॉपी भी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए।

विभाग ने संकेत दिया है कि नियमों के विरुद्ध प्रतिनियुक्ति के मामलों में आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस कदम का उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में नियमों का पालन सुनिश्चित करना और केवल योग्य शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति पर रखना है।









### संलग्नीकरण पर आदेश स्पष्ट नहीं

मण्डला जिले में एक ओर जहां ग्रामीण क्षेत्रों की शालाओं में शिक्षकों की भारी कमी है तो वहीं जिला मुख्यालय सहित विकासखण्ड मुख्यालयों की शालाओं में आवश्यकता से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं। यह परिस्थिति कैसें और कब बनी बताने की बात नहीं कारण है कि सुविधा शुल्क और पहुंच के चलते जिन शिक्षकों की पदस्थापना ग्रामीण क्षेत्रों की शालाओं में की गई थी वे अपने जुगाड़ के चलते आज अपनी मनमानी शालाओं में काम कर रहे हैं फिर भले वह काम गैर शिक्षिकीय ही क्यों न हो। प्रदेश स्तर से लेकर जिले स्तर तक इस विडम्बना को लेकर कई मर्तबा आदेश जारी हुये लेकिन शिक्षकों की यह पदस्थापना बदली नहीं जा सकी।

अब जबकि एक बार पुनः प्रतिनियुक्ति पर गणित, विज्ञान के जो शिक्षक पदस्थ किये गये हैं उन्हें वापिस अपनी शालाओं में जाना होगा लेकिन जो विषय विशेषज्ञ अन्य गैर शिक्षिकीय कार्यो में संलग्न हैं क्या उन्हें भी उनकी मूल शाला में वापिस भेजा जायेगा या फिर जो गणित एवं विज्ञान के शिक्षक बीएसी, बीआरसी, एपीसी की प्रतिनियुक्ति पर हैं यह आदेश उन शिक्षकों तक ही सीमित रहेगा। यदि ऐसा है तो फिर जिस उद्देश्य को लेकर यह आदेश जारी किया गया है उसकी पूर्ति होती नहीं नजर आ रही।

### न्यून प्रगति पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को नोटिस जारी

संकल्प से समाधान अभियान की विभागवार प्रगति की समीक्षा बैठक में जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित सेवाओं के क्रियान्वयन में प्रगति अत्यंत न्यून है। इसके अंतर्गत म.प्र. अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण नियम 1995 के अंतर्गत राहत प्राप्त न होने संबंधी आवेदन का समाधान के कुल 7 आवेदन में 4 स्वीकृत किए गए तथा 4 निराकृत हुए एवं 3 आवेदन लम्बित है। संकल्प से समाधान अभियान को प्रारंभ हुए 20 दिन से अधिक की अवधि के बाद भी निर्धारित सेवाओं का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन की प्रगति अत्यंत न्यून है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त श्रीमती वंदना गुप्ता को इस संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। आपके विभागीय दायित्वों एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में रुचि नहीं लिया जा रहा है, जो कि अत्यन्त खेदजनक है। आपका उक्त कृत्य कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना एवं अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है। आपका उपरोक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3(1) उप नियम (एक) (दो) (तीन) के विपरीत होने से दण्डनीय कृत्य है। अतः उक्त संबंध में आप अपना लिखित उत्तर पत्र प्राप्ति के दो दिवस के अन्दर प्रस्तुत करें। निर्धारित समयवाधि में तथा संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होने की दशा में आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### दो दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण का शुभारंभ

**मण्डला।** भारत सरकार के जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए नियुक्त चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण जिला योजना भवन सभागार में प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 23 एवं 24 फरवरी 2026 को दो दिवस आयोजित हो रहा है। इस मौके पर अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे। प्रशिक्षण में सभी एसडीएम, तहसीलदार, नगरपालिका एवं नगरपरिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों तथा जनगणना लिपिकों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान अवगत कराया गया, कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 से 30 मई 2026 की अवधि में संपन्न किया जाएगा। इसके लिए नगरीय एवं ग्रामीण स्तर पर चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी हैं। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण कार्य के अंतर्गत प्रत्येक भवन का सर्वेक्षण किया जाएगा। सुपरवाइजर के निर्देशन में प्रगणक घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। प्रशिक्षण में यह भी स्पष्ट किया गया कि सूचीकरण कार्य सावधानी एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए। इस बार जनगणना कार्य में डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा हैं। आंकड़ों का संग्रह मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक गणना ब्लॉक की सीमा को जीपीएस तकनीक से कैप्चर किया जाएगा। समस्त कार्य की रियल टाइम मॉनिटरिंग (सीएमएमएस) पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। जिला स्तर पर चार्ज स्तरीय एडमिन आईडी तैयार कर फिल्ड ट्रेनर्स एवं मास्टर ट्रेनर्स की जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाएगी।

### पक्षी जैवविविधता एवं गणना पर कार्यशाला आयोजित



**मण्डला।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला के प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 16 एवं 17 फरवरी 2026 को पक्षी जैवविविधता एवं गणना पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गुप्ता के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य महोदय ने पक्षियों की जैव विविधता एवं गणना के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को पक्षी संरक्षण एवं प्रकृति संरक्षण हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में श्री कलीम शाह इकोलॉजिस्ट फाउंडेशन ऑफ़ इकोलॉजिकल सिक्योरिटी उपस्थित हुए। उन्होंने पक्षियों की जैव विविधता, गणना एवं गणना करने की विभिन्न विधियां एवं उससे संबंधित मोबाइल ऐप के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिए। व्याख्यान के पश्चात सभी विद्यार्थियों को बड़ी खैरी तालाब का भ्रमण कराया गया। बड़ी खेड़ी तालाब में पक्षियों की जैव विविधता एवं उनकी गणना विद्यार्थियों के द्वारा की गई एवं इसका डाटा संरक्षित किया गया।

### ग्राम चमरवाह में विधायक द्वारा रंगमंच का भूमिपूजन संपन्न

*** क्षेत्र के विकास और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विधायक निधि से दी सौगात।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

निवास विधानसभा क्षेत्र के विधायक द्वारा ग्राम चमरवाह में स्थानीय ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए नवीन रंगमंच निर्माण हेतु विधि-विधान से भूमिपूजन किया गया। इस दौरान विधायक जी ने निर्माण कार्य की आधारशिला रखी और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

#### सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बनेगा रंगमंच



भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक जी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रंगमंच केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का केंद्र होता है। यहाँ होने वाले आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलेगा और ग्राम की परंपराओं को सहेजने में मदद मिलेगी। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

प्रमुख जनों की उपस्थिति कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित जन-प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेः राजुल ज्योतिषीः अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हुकुम सिंह परस्तेः सरपंच, ग्राम पंचायत सूखी लालः पंचायत सदस्य (मेंबर) ग्रामीणों में उत्साह( इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ जन, युवा और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विधायक जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रंगमंच की सुविधा मिलने से अब गांव के सामाजिक कार्यक्रमों, उत्सवों और बैठकों के आयोजन में आसानी होगी। कार्यक्रम के अंत में सरपंच हुकुम सिंह परस्ते ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### संस्कार शिक्षा सत्संग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

एकल अभियान के तत्वाधान में आयोजित श्री हरि वनवासी विकास ट्रस्ट के द्वारा अंचल सत्संग मंडली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद कार्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ। यहां 8 संच शामिल हुए यहां पर बिछिया, घुघरी, घुटास, बीजाडांडी, मोहगांव, चाबी, अंजनिया, निवास की मंडली टीम संच केंद्र के एकल विद्यालय संस्कार ग्राम से चयन होकर जिला स्तरीय सत्संग मंडली प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें घुटास संच प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान बिछिया, तृतीय स्थान पर मोहगांव की मंडली रही जिसमें प्रथम विजेता टीम को शील्ड 1100 रुपए, द्वितीय विजेता टीम को शील्ड 750 रुपए तथा तृतीय स्थान टीम को शील्ड 500 रुपए की नगद राशि अंचल आयोजक समिति द्वारा सप्रेम भेट की गई। इस दौरान केंद्र से आए वरिष्ठ पदाधिकारी राधेश्याम यादव केंद्रीय टोली सदस्य प्रभाग पालक, अजय शरण प्रभाग व्यास , संभाग से रामस्वरूप नागेश संभाग प्रमुख महाकौशल, नितेंद्र सरण संभाग व्यास महाकौशल अंचल टोली से संजय मरावी अंचल अभियान प्रमुख नंदकिशोर यादव अंचल कार्यालय प्रमुख मंडला, रामराजेश सिंगरौर अंचल व्यास, राजेश यादव अंचल प्रशिक्षण प्रमुख, नरेश कुमार अंचल गतिविधि प्रमुख नवीन कुमार सह कार्यालय प्रमुख एवं समस्त संच प्रमुख एवं संच केंद्र से आए आचार्य बंधु उपस्थित रहे। अंचल मंडला पर आयोजित सत्संग मंडली प्रतियोगिता का भव्य रूप से आयोजक किया गया। यहां पर कार्यक्रम के पूर्व अंचल समिति द्वारा भारत माता एवं रामदरबार के तैल्यचित्र में आरती पूजन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।



**विसंगति** | निवास विकासखंड के सतपहारी टोला, मनेरी टोला में स्कूल भवन अब तक नहीं

# दोबारा बालिका शौचालय निर्माण पर उठे सवाल

*** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश को किया जा रहा दरकिनार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

निवास विकासखंड अंतर्गत सतपहारी टोला एवं मनेरी टोला में आज तक शाला भवन का निर्माण नहीं हो सका है। शाला प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार सतपहरी भवन के अभाव में विद्यालय का संचालन पंचायत के सामुदायिक भवन में किया जा रहा है। साथ ही मनेरी टोला के स्कूल का संचालन हायर सेकंडरी स्कूल मनेरी कैंपस में हो रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि जहां एक ओर स्कूल भवन निर्माण की ओर ध्यान नहीं दिया गया, वहीं दूसरी ओर बालिका शौचालय के पुनः निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कर दी गई है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2012-13 में दोनों स्कूलों में 58,700 रुपये की लागत से बालिका शौचालय का निर्माण कराया गया था। जिसका उल्लेख विभागीय पोर्टल में भी दर्ज बताया गया है। इसके बावजूद अब उसी विद्यालय में पुनः बालिका शौचालय निर्माण के लिए 2.93 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि शाला के लिए भवन क्यों नहीं स्वीकृत कराया जा रहा जिससे स्कूल में बच्चों को बैठक व्यवस्था उचित ढंग से नहीं हो पा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वर्ष 2012-13 में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य किया गया होता तो आज दोबारा शौचालय निर्माण की आवश्यकता नहीं पड़ती। इससे शासन की राशि की बचत हो सकती थी और उस राशि का उपयोग स्कूल भवन निर्माण जैसे आवश्यक कार्य में किया जा सकता था। वर्तमान में विद्यालय भवन विहीन है और छात्र-छात्राओं को असुविधाओं के बीच पढ़ाई करनी पड़ रही है।





वहीं राज्य शिक्षा केंद्र के पत्र क्र मां क / रा शि . / नि र्मा ण - 1/2026/1174, दिनांक 16/02/2026 के अनुसार स्वीकृत कार्यों का पंजीयन पोर्टल पर अनिवार्य है तथा समय-समय पर भौतिक एवं वित्तीय प्रगति दर्ज की जाएगी। स्थल परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। जिन विद्यालयों में पूर्व से बालिका शौचालय उपलब्ध हैं अथवा अन्य मद से शौचालय स्वीकृत है, वहां नए निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा इसकी सूचना राज्य शिक्षा केंद्र को भेजना अनिवार्य होगा। किन्तु यहां ऐसा नहीं है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा स्कूल भवन निर्माण को प्राथमिकता दी जाए, ताकि विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

#### इनका कहना है -

*दोनों स्थानों पर स्कूल भवन स्वीकृत हो चुके हैं और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। सतपहरी टोला में शौचालय निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है, जबकि मनेरी टोला में स्कूल भवन के साथ शौचालय का निर्माण भी कराया जाएगा। पूर्व में निर्मित शौचालय के संबंध में उपयंत्री से जानकारी प्राप्त होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट की जा सकेगी।*

***-सुनील दुबे,***
***बीआरसी, निवास***

### नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष पंकज तेकाम का आज मंडला आगमन

*** अजजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज मरकाम भी होंगे शामिल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पंकज तेकाम एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज मरकाम का 24 फरवरी 2026, मंगलवार को मंडला जिले में प्रथम आगमन हो रहा है। उनके स्वागत को लेकर जिले भर में भारी उत्साह है उनके आगमन पर व्यापक तैयारियां की गई हैं। जहां कटरा बाईपास से भव्य स्वागत रैली निकाली जायेगी जो नगर भ्रमण करते हुए भाजपा कार्यालय पहुंचेगी। उनके आगमन को लेकर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडला के जिलाध्यक्ष डॉ. विजय सर्वटे ने बताया कि नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष पंकज, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज मरकाम, कार्यकारिणी सदस्य संजय कुशराम तथा प्रदेश मोर्चा कोषाध्यक्ष आशाराम भारतीया का भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा सहित अनुसूचित जनजाति मोर्चा के समस्त जिला पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी, पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत एवं जनपद के जनप्रतिनिधि, भाजपा जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. सर्वटे ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10.00 बजे डिंडोरी से मंडला के लिए प्रस्थान होगा। प्रातः 10.45 बजे सलवाह मंडल में कार्यकर्ताओं से भेंट की जाएगी। प्रातः 11.15 बजे घुघरी में प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित होगा, जबकि प्रातः 11.45 बजे रामनगर में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की जाएगी। दोपहर 12.30 बजे मंडला (कटरा) स्थित दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात दोपहर 12.45 बजे बिंझिया में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। दोपहर 01.00 बजे लालीपुर में रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा, 01.15 बजे बस स्टैंड पर दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा तथा 01.30 बजे बड़ चौराहा में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद 01.45 बजे रेडक्रास बैगा-बैगी चौक में कार्यकर्ताओं से भेंट होगी। दोपहर 02.00 बजे रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थल पर आगमन एवं माल्यार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात दोपहर 02.15 बजे भाजपा जिला कार्यालय, मंडला में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। सायं 04.30 बजे मंडला से भोपाल के लिए प्रस्थान किया जाएगा। भाजपा अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. विजय सर्वटे ने समस्त पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष का यह प्रथम आगमन संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितों एवं संगठन विस्तार को और गति देगा।



**खबर संक्षेप**

## वृद्धावस्था पेंशन योजना मशीन में फिंगर नहीं आने से परेशान हो रहे हितग्राही

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** शासन द्वारा अनेक योजनायें चलाकर वृद्धों एवं गरीबों का भला करने की बात कही जा रही है वहीं दूसरी ओर देखा जाता है कि शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्ध महिलाओं व पुरूषों की हालत दिन पर दिन दयनीय व पीड़ा दायक होती जा रही है। यह बात अलग है कि इस हेतु शासन ने वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू की थी मगर शासन की इस योजना को पंचायत में बैठे कर्णधारों द्वारा शासन के नियमों को अनदेखा कर पात्रजनों को इसका लाभ ना देकर अपात्रों को दिया जा रहा है और इसी प्रकार शासन की कई अन्य योजनायें क्षेत्र के गांवों में भाई-भतीजावाद की शिकार हो रही हैं जिसके कारण आज इन वृद्धों को शासन की अनेक योजनायें चलने के बाद भी भूखों रहने की नौबत आ रही है। शासन द्वारा वृद्धों के लिये वृद्धावस्था सुरक्षा पेंशन का फार्म निकालकर यह नियम लागू किया गया था। मगर इस योजना का लाभ अनेक निःसहाय वृद्धों को नहीं मिल पा रहा है? आम जन का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा इन वृद्धों के आवेदनों को बिना देखे ही निरस्त कर दिया जाता हैं, विधवा महिलाओं की भी स्थिति अत्यंत दयनीय रहती है। देखने में आता है कि उन्हें भी शासन की योजनाओं से कोई फायदा नहीं मिल पाता है। क्षेत्र में अनेक विधवा महिलायें हैं जो परेशानियों के साथ अपना जीवन व्यतीत कर रही हैं जिनका भला करने के उद्देश्य से शासन ने इस प्रकार की योजनायें शुरू की थी मगर देखा जा रहा है कि शासन द्वारा चलाई जा रही इस प्रकार की अनेक योजनाओं के बारे में पंचायत स्तर पर बैठे कुछ अधिकारी भाई-भतीजावाद की भेंट चढ़ाकर उन्हें पूरा कर देते हैं और पात्र हितग्रहियों को उनसे वंचित कर दिया जाता है। वहीं दूसरी ओर देखा जाता है कि शहरों से लेकर ग्राम पंचायतों द्वारा इन योजनाओं की राशि अनेकों माह तक बैंकों में ही पड़ी रहती है और हितग्राही इस राशि को पाने के लिये भटकते रहते हैं। क्योंकि शासन की योजना के तहत इन वृद्धों की पेंशन राशि का भुगतान के लिये उनके खाते आधार से लिंग किये गये है।

# बाल अवस्था में ही करोड़ों की लागत से बना हुआ पुल दिखाई देने लगा वेंटिलेटर पर, तो फिर लम्बी उम्र की कल्पना कर पाना क्या संभव हो पायेगा..?

### पुल के बीचों बीच गड्डों के साथ निकल रही लोहे की राड़े बन सकती है बड़ी घटना का कारण...









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं प्रदान करने के लिये सरकारों द्वारा हर वर्ष सड़क निर्माण से लेकर पुल निर्माण कराने के नाम पर करोड़ो रूपया खर्च करने से नही चूकती है। मगर उन निर्माण कार्यो के दौरान निर्माण कार्यो की जिम्मेदारी संबंधित विभाग के जिन अधिकारियों को सौपी जाती है उनके द्वारा की जाने वाली अनदेखी कही जावे या फिर फिर मिलीभगत की देन का परिणाम जिसके चलते वह निर्माण कार्य पूरे कुछ सालों में ही निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा अपनाई जाने वाली गुणवत्ता की कहानी खुद ही बताते हुये दिखाई देने लगते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा क्षेत्र के अंतर्गत गाडरवारा से ग्राम सुदरास गांगई से एनटीपीसी की ओर जाने वाले मार्ग पर सीतारेवा नदी के ऊपर करोड़ो रूपया की लागत से बने हुये उच्च स्तरीय पुल में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि इस पुल के लोकापर्ण को अभी लगभग कुछ साल का ही समय निकल पाया है और पुल पर जहां तहां से निकल रहे गड्डो व दरारो के बीच उभरकर ऊपर आ रही लोहे की राडे खुद की अपनी गुणवत्ता की कहानी को उजागर करते हुये जान पड़ रही है..? ज्ञात हो कि क्षेत्र के तत्कालीन विधायक गोविंद सिंह पटैल द्वारा लगातार क्षेत्र विकास की सोच रखते हुये किये गये प्रयासों के परिणामों के चलते एनटीपीसी सहित क्षेत्र के गांवों को आसानी से पहुंचने के लिये गाडरवारा से सुदरास गांगई होते हुये एनटीपीसी मार्ग सीतारेवा नदी पर उच्च स्तरीय पुल की स्वीकृति प्रदान कराते हुये क्षेत्र के लोगों को एक बड़ी सौगात प्रदान की गई थी। इस तरह एनटीपीसी की ओर जाने वाले इस मार्ग पर पड़ने वाली सीतारेवा नदी पर 3482.10 लाख रूपया की लागत से 390 मीटर लम्बे व 12 मीटर चौड़ाई वाले पुल का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर एजेन्सी की देख रेख मैं रायल इन्फराकान्सट लिमिटेड द्वारा किया था। इस पुल का निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में इस पुल का लोकापर्ण बीते हुये वर्ष यानि की लगभग पांच वर्ष पहले 15 सितम्बर 2018 को प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्यि एवं प्रदेश के तत्कालीन लोक निर्माण विभाग के मंत्री ठाकुर राम पाल सिंह की अध्यक्षता सहित क्षेत्र के सांसद सहित राज्य सभा सदस्य व अनेक भाजपा नेताओं की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ था? इस प्रकार से देखा जावे तो अभी इस पुल के लोकापर्ण कार्य को पूरा हुये मात्र छः साल का समय निकल पाया है। मगर इस पुल की स्थिति जिस प्रकार से देखने मिल रही है वह निश्चित ही पुल निर्माण कार्य में अपनाई गई गुणवत्ता की कहानी को खुद ही उजागर करने से नही चूक पा रही है..? बताया जाता है कि पुल के ऊपर बनाई गई पैदल चलने वाली पट्टी पापड़ की तरह टूटते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर पुल के बीचों बीच जिस प्रकार से घास की हरियाली फैलने के कारण यह पुल कम और पशुओं की चरोहर भूमि प्रतीत होने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर पुल व सड़क को जोड़ने वाले स्थल से लेकर बीचों बीच निकल रहे गड्डों से लोहे की राड़े निकलते हुये दिखाई पड़ रही है वह जहां निर्माण कार्य में अपनाई गई अफलतबाजी की कहानी को उजागर करने के साथ साथ लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने से नही चूक पा रही है..? वही दूसरी ओर पुल के बीचों बीच अनेक जगहों पर निकलती हुई दरारों के आलवा दांत दिखाती हुई गिट्टी पुल के निर्माण कार्य के दौरान देख रेख करने वाले अधिकारियों की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगाने में कोई कसर नही छोड़ रही है? इस प्रकार से करोड़ो की लागत से बने हुये इस पुल पर जहां तहां से निकल रही लोहे की राडो के आलवा पड़ रही दरारे व दांत दिखाती हुई गिट्टी पुल को पास करने वाले संबंधित विभाग के अधिकारियों की भूमिका को संदिग्ध बनाने से नही चूक पा रही है? गौर किया जावे तो इस पुल का निर्माण हुये अभी मात्र छः साल का समय बीता हुआ है और इस पुल की स्थिति जर्जर होते हुये दिखाई पड़ रही है। वह सच्चाई इस बात का अंदेशा प्रकट करने से नही चूक पा रही है कि निश्चित ही इस पुल की उम्र शायद ज्यादा लम्बी नही हो पायेगी.., क्योंकि बाल अवस्था में यह हाल है तो फिर आगे की अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है? यह बात अलग है कि निर्माण कार्य एक निजी कंपनी द्वारा किया गया है। मगर जब शासन की राशि के माध्यम से कोई निर्माण कार्य किसी निजी कंपनी द्वारा किया जाता है तो उसकी देख रेख शासन के अधीन रहने वाले विभाग के अधिकारियों द्वारा ही की जाती है और निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में जब तक संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उसे पास नही किया जाता है जब तक उस निर्माण कार्य को पूर्ण नही माना जाता है। इसी प्रकार से इस पुल को भी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा पास किया गया होगा तभी तो इसका लोकार्पण हुआ होगा..? मगर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस प्रकार से लोकार्पण को अभी मात्र कुछ साल का ही समय निकल पाया है और इस पुल की जो स्थिति निर्मित होते हुये देखी जा रही है उसका जिम्मेदार कौन माना जावेगा? क्योंकि निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा तो निर्माण कार्य करते हुये इस पुल को शासन के लिये सौप दिया गया और शासन में बैठे हुये अधिकारियों द्वारा इसे पास किया गया होगा जब पुल में अभी से इस प्रकार से लोहे की राडे निकलने के साथ साथ पड़ रही दरारों के आलवा निकल रही गिट्टी निश्चित ही इस पुल को पास करने वाले अधिकारियों की भूमिका पर अनेक प्रकार के सबाल खड़े करने से नही चूक पा रहा है? वही दूसरी ओर यदि इस पुल के निर्माण के दौरान अपनाई गई गुणवत्ता की निष्ठा के साथ जांच हो जाती है तो निश्चित चौकाने वाली सच्चाई सामने आने से नही चूक पायेगी?

## दूषित फल, सब्जियों से फैल सकती है बीमारियां



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** वर्तमान में चल रहे मौसम के मिजाज में परिवर्तन आने की वजह से आमजन सर्दी जुखाम के आलवा मलेरिया, वायरल फीवर, जोड़ो मे दर्द की बीमारियों की चपेट में शहरवासी आ रहे है। बावजूद इसके शहर की सफाई व्यवस्था की स्थिति जहां गफलत बाजी की भेंट चढ़ते हुये नजर आ रही है। वही बाजार में धड़ल्ले से दूषित फल और सब्जियां भी बेची जा रही है? बताया जाता है इस मौसूम अनुकूल न होने से आसपास के गांवों मे सब्जियो का उत्पादन ज्यादा न होने से अन्य शहरों से जो सब्जियां बाजार में बिकने आ रही है उनका रूप रंग तो आकर्षित रहता है, इसके अलावा फलों को भी अस्वाभाविक तरीके से पकाकर बेचा जा रहा है। शहर के चिकित्सकों का कहना है कि दूषित पानी के साथ सडी गली सब्जियां लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालती है तथा सब्जी व फलों को आकर्षित बनाने वाले रंगों के उपयोग से बहुत सी बीमारियां फैलने की सम्भावना बनी रहती है। उल्लेखनीय है कि इस सच को जानते हुए कि नगर में दूषित फल, सब्जियों का विक्रय हो रहा है, मगर इसके बाद भी संबांधित विभाग पूर्ण रूप से जिस प्रकार से मौन साधे हुये वह चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक रहा है।

## पीपरपानी पहुंचने पर दादा गुरू महाराज का ग्रामीणों ने पूजन करते हुये लिया आर्शीवाद


**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**





माँ नर्मदा का आर्शीवाद इस तरह से होता है कि लोग बगैर किसी तरह का अहार ग्रहण करे बगैर माँ नर्मदा की जल के भरोसे अपना जीवन यापन कर सकता है। मगर इसके लिये माँ नर्मदा के प्रति सच्ची आस्था होना चाहिये। यह सच्चाई दादा गुरू महाराज के रूप में देखने मिल रही है जो बगैर किसी अहार के जिस तरह वर्षो से मात्र नर्मदाजी का जल ग्रहण करते हुये माँ नर्मदाजी की आस्था में लीन होकर परिक्रमा करते हुये देखे जा रहे है। इस कलयुग काल में इस पृथ्वीलोक पर माँ नर्मदाजी के साक्षत मौजूद रहने की बात पुराणों में दर्ज बताई जाती है। इसी का परिणाम है कि माँ नर्मदाजी अपने भक्तों के संकटों को हरण करने में देर नही करती है। यही परिणाम है कि अनेक लोग माँ नर्मदाजी की परिक्रमा करते हुये देखे जाते है। मगर इस तरह के भक्त बिरले ही देखने मिल सकते है जो पैदल चलने के साथ मात्र नर्मदाजी के जल को अहार के रूप में ग्रहण करते हुये लगातार आठ बार माँ नर्मदाजी की परिक्रमा पर पैदल निकले हुये है। बताया जाता है कि मां नर्मदा जी के अनन्य भक्त ऐसी दिव्य मूर्ति दादा गुरू महाराज जो 5 वर्षों से निराहार है सिर्फ मां नर्मदा जी का जल ग्रहण करते हुये पैदल परिक्रमा पर निकले हुये दादा गुरू महाराज का सोमवार को सांईखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पीपरपानी पहुंचने पर ग्रामीणो ने महाराज का दर्शन करते हुये आर्शीवाद ग्रहण किया गया। माँ नर्मदाजी के भक्त दादा गुरु सरकार माँ नर्मदा परिक्रमा कर रहे हैं, जो एक अद्भुत और प्रेरणादायक यात्रा है। वह पिछले कई वर्षों से निराहार हैं और केवल नर्मदा जल पर जीवित हैं। उनकी यह चौथी नर्मदा परिक्रमा है और उनका लक्ष्य 2028 तक आठ बार नर्मदा परिक्रमा करने का बताया जा रहा है। दादा गुरु सरकार का कहना है कि नर्मदा परिक्रमा करना उनके लिए एक साधना है, जो उन्हें मूल शक्तियों का परिचय कराती है। वह नर्मदा संरक्षण और संवर्धन के लिए काम कर रहे हैं और लोगों को जागरूक करने के लिए पदयात्रा कर रहे हैं। दादा गुरु का जीवन त्याग, तपस्या और मानव सेवा का अद्भुत उदाहरण है। बताया जाता है कि उन्होंने हमेशा समाज को प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। उनके उपदेश हमें बताते हैं कि यदि हम अपने जीवन में सदाचार, परिश्रम और ईश्वर भक्ति को अपनाएं, तो हमारा जीवन सफल और सार्थक बन सकता है। इस तरह अपनी चौथी परिक्रमा के दौरान दादा गुरू माँ नर्मदाजी के भटेरा घाट से आगे की ओर निकलते हुये ग्राम पीपरपानी पहुंचे।

## सूकरी गांव में नालियों का पानी बह रहा सड़कों पर



**हरिभूमि न्यूज/ कौड़िया।** भले ही गांवों के विकास के नाम पर सरकार द्वारा मनमानी राशि खर्च की जा रही है, वही दूसरी ओर ग्राम पंचायतों द्वारा भी स्वच्छता के नाम पर सरकारी राशि खर्च करते हुए कागजों में स्वाच्छता अभियान को सफल बनाने में कोई कसर नही छोड़ी जहा रही है। मगर जिस प्रकार से गांवों में गंदगी का आलम देखने मिल रहा है उस ओर न तो अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही क्षेत्र के वह जन प्रतिनिधि जो आये दिन स्वच्छता का संदेश देते हुए अपने हाथों में झाडू लेकर अखबारों की सुर्खियों में बनने के लिए कोई कसर नही छोड़ते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चावरपाठा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सुकरी में देखने मिल रही है। जहा पर नालियो का गदा पानी सड़को पर बहने के कारण गांव में गंदगी का आलम देखने मिल रहा है, बताया जाता है कि समीपस्थ ग्राम सूकरी में भी जगह जगह कूड़ा एवं गंदापानी जमा होने से लोग परेशान हो रहे है। क्योंकि गांव के गंदा पानी निकासी के लिए सही व्यवस्था नही होने के कारण सड़को पर गंदा पानी बहने के कारण भयानक बीमारी फैलने से संभावना से इंकार नही किया जा सकता है, यदि समय रहते हुये अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया गया तो ग्रामवासी बीमारी की चपेट में आने से नही बच पायेगे?

## जर्जर होते हुये चली जा रही पुलिया की ओर नहीं दिया जा रहा ध्यान, किसी दिन बड़ी घटना का कारण बन सकती है पुलिया

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** अक्सर देखा जाता है कि जब किसी क्षेत्र में अच्छी सड़क की स्वीकृति प्रदान करते हुये सड़क निर्माण के लिये शासन द्वारा करोड़ो रूपया खर्च किया जाता है तो उस क्षेत्र के लोग खुशी के मारे फूल नही समाते है। मगर शासन करोड़ो रूपया की राशि खर्च करते हुये बनाई जाने वाली सड़को का निर्माण करने वाली कंपनियों द्वारा जिस प्रकार से सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता अपनाई जाती है उस समय किसी भी जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखने मिलता है कि वह सड़क निश्चित ही चंद दिनों में ही अपनी गुणवत्ता की कहानी खुद ही बताने से नही चूकती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा से उदयपुरा होते हुये प्रदेश की राजधानी जाने वाले स्टैट हाईबे स्तर के मार्ग पर भी आसानी से देखने मिल रही है, क्योंकि बीते हुये कुछ वर्ष पहले जब ग्राम पिठहरा से उदयपुरा की ओर जाने वाले इस मार्ग पर झिकोली के पास नर्मदा नदी में पुल का निर्माण हो जाने के कारण इस मार्ग की उपयोगिता अपने आप ही बढ़ गई थी। इसी के चलते इस मार्ग को प्रदेश स्तर के मार्ग में शामिल करते हुये शासन द्वारा कुछ साल पहले करोड़ो रूपया की राशि खर्च करते हुये इस मार्ग का निर्माण कार्य कराया गया था। मगर इस मार्ग का निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा सड़क निर्माण के दौरान वर्षो पुरानी पुलिया को पुनः निर्माण करने की जगह उसी पुलिया के ऊपर से सड़क का निर्माण करने में कोई कसर छोड़ी गई थी। इस सच्चाई को लेकर लगातार उस समय आवाज उठाये जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों से लेकर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखा जा रहा है कि गाडरवारा सांईखेड़ा के बीच ग्राम पिठहरा के समीप पूर्व में संचालित होने वाली हेदर शुगर मिल के पास वाली यह पुलिया लगातार जर्जर स्थिति में पहुंचते हुये दिखाई दे रहे है, इस संबंध में कुछ समाज सेवियों द्वारा बीते हुये दिसम्बर माह 18 में जिला कलेक्टर को एक आवेदन देते हुये इस ओर ध्यान आकर्षित कराने का प्रयास भी किया गया था। मगर इसके बाद भी लगातार खस्ता हाल स्थिति में पहुंचते हुये दिखाई दे रही इस पुलिया की ओर ध्यान नही दिया गया जिसके चलते निश्चित ही किसी दिन यह पुलिया क्षेत्र के एक बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूक पायेगी? क्योंकि यह मार्ग प्रदेश स्तर का होने के कारण यहां से प्रतिदिन सैकड़ो भारी वाहनों की धमाचौकड़ी मची रहना आम बात हो चुकी है।

## सड़क सोल्डर में नहीं किया जा रहा सुधार आये दिन घटित हो रही घटनाएं



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि सड़कों पर बढ़ रहे यातायात के चलते आये दिन दुघर्टनाएं घटित होना आम बात है, और यदि सड़को में गड़बडी हो तो निश्चित तौर से घटनाओं में इजाफा होना आम बात मानी जाती है। कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय गाडरवारा कौड़िया मार्ग पर देखने मिल रही है। जहां पर वाहनों का आवागमन निरंतर बना रहता है, इस सड़क मार्ग के दोनों तरफ के सोल्डर जमीन से ऊंचे हो गये है एवं सोल्डर के बाजू में बड़े बड़े पत्थर पड़े रहते है साथ ही गड्ढे भी बन गऐ है, सड़क सोल्डर परेशानी का सबब बन गए है। वाहन क्रासिंग के समय इन सोल्डरों के कारण वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं छोटे वाहन चालक साइड देने के चक्कर में अपने वाहन सड़क से नीचे उतार लेते है जब वह सड़क पर अपने वाहन चढ़ाते है तो सोल्डर और गड्ढो के कारण उन्हे दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है, पौड़ार तिरहा से लेकर गाडरवारा तक सड़क के दोनों ओर बड़ी बेकार स्थिति बनी हुई है जिसके कारण आये दिन सोल्डरो से कोई न कोई दुर्घटना होती है। वही सड़क निर्माण के साथ सोल्डर के बाजू की सतह सड़क से मिलायी जाती है जिससे की वाहन आसानी से सड़क से नीचे उतर कर पुनः सड़क पर आसानी से पहुंच सके। लेकिन इस मार्ग पर सोल्डरो को बाजू की सतह से नहीं मिलाया गया है जबकि निर्माण एजेंसी की जबाबदारी होती है कि वह सड़क से दोनों ओर सोल्डरों के बाजू में मिट्टी का पुराव कर उसे समतल करे लेकिन संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा इस कार्य पर ध्यान नहीं दिया गया जिसके चलते इतनी विकराल समस्या यहां पर खड़ी हो गई है, शीघ्र ही इस समस्या का हल किया जाये ताकि वाहन चालको को जो परेशानी हो रही है। उससे निजात मिल सके।

## जब पर्याप्त मात्रा में खाद आ रहा है तो फिर किसानों की हालत इस तरह क्यों बन रही है....?





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा**

जहां एक ओर आये दिन जिला से लेकर स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों को यह बात कहते हुये सुना जाता है कि जिले में किसानों के लिये डीएपी व यूरिया सहित अन्य खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और लगातार रेक आ रहे है किसानों को खाद के लिये कोई परेशानी नही है। मगर खाद वितरण केन्द्रो पर एक एक बोरी डीएपी व यूरिया खाद के लिये जिस तरह किसानों को जूझते हुये देखा जा रहा है। इस सच्चाई को लेकर सबाल यह पैदा होने से नही चूक पा रही है कि जब पर्याप्त मात्रा में खाद के रैक आ रहे है तो फिर किसानों को मिल क्यों नही पा रहा है..? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय किसानों को एक एक बोरी खाद प्राप्त करने के लिये दिन दिन भर लम्बी लाईनों में खड़ा होने के बाद भी जब शाम को खाद नही मिल पाती है तो हताश होकर खाली हाथ लौटने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर खाद वितरण केन्द्रो की स्थिति इस तरह देखी जा रही है मानों वहां पर मेला लग रहा है जिसके चलते पुलिस तैनात होते हुये देखने मिल रही है। यह सच्चाई आये दिन जहां तहां खाद वितरण होने वाले केन्द्रो में आसानी से देखने मिलती रहती है। जहां पर अन्नदाता परेशान होते हुये पर एक एक बोरी खाद प्राप्त करने के लिये किसानों का हुजुम लगा हुआ देखा जाता है तो व्यवस्थाये संभालने के लिये पुलिस को मोर्चा पर खड़ा होना पड़ता है। इस संबंध में खाद की लाईन में खड़े हुये किसानों द्वारा चर्चा के दौरान बताया कि हम पहले बोनी करने के लिये डीएपी नही मिल पा रहा था और अब यूरिया खाद लेने के लिये सुबह से ही लाईन में लग जाते है। मगर इसके बाद भी हमे खाद नही मिल पाता है। जबकि अनेक प्रभावशाली लोग इस तरह से होते है जिन्हे पर्याप्त मात्रा में खाद मिल रहा है और हम किसान लाईनों में भूखे प्यासे खड़े रहते है। इस तरह हम लोगों के खेतों में खड़ी हुई फसलों के लिये तैयार करने हेतु यूरिरया प्राप्त करने के लिये चक्कर लगाते हुये देखा जा रहा है। मगर एक बात समझ से भरे हो रही है कि सरकार द्वारा अपने आपको किसानों की सरकार बताते हुये यह बात कही जा रही है कि किसानों के लिये खाद की कमी नही है तो दूसरी ओर अधिकारियों को भी यह बात कहते हुये सुना जाता है कि जिले में पर्याप्त मत्रा में खाद उपलब्ध है किसान भाई किसी भी बात की चिंता न करे। तो फिर हम लोगों को खाद मिल क्यों नही पा रही है।

### उपभोक्ताओं के वाहन मुख्य मार्ग पर ही खड़े होने के कारण यहां पर प्रतिदिन दुर्घटनाओं की संभावना

## बैक प्रबंधन की अनदेखी व मनमानी के चलते यातायात व्यवस्था हो रहा प्रभावित

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



नगर की सकरी होती चल रही जा रही सड़को की सच्चाई तो शायद ही किसी से छिपी हो..? क्योंकि लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण व मनमानी के चलते जहां लोगों वाहन मुख्य सड़को पर खड़े रहने के कारण नगर की यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे ही दिखाई देने से नही चूक पा रही है तो रही सही कसर बैक प्रबंधन द्वारा पूरी कीा रही है? क्योंकि नगर में संचालित होने वाले अनेक बैकों द्वारा अने सुविधाओं के ध्यान में रखते हुये मुख्य मार्गो क किनारे किराय के भवन लेकर उनका संचालन तो किया जा रहा है। मगर बैक में पहुंचने वाले उपभोक्ताओं के वाहनों को खड़ा करने के लिये उचित प्रबंध नही किये जाने के कारण दिन दिन भर वाहन सड़को पर खड़े रहने की स्थिति में यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ साथ दुर्घटनाओं की संभावना बनने से नही चूक रही है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के प्रमुख माने जाने वाले पलोटन गंज से शासकीय चिकित्सालय मार्ग पर देखने मिल रही है। बताया जाता है कि बीते हुये कुछ साल पहले इस मार्ग के किनारे स्थापित हुई बैकों द्वारा लोगों को इस बात का भरोसा दिलाया गया था कि उनके द्वारा अपने ग्राहकों के वाहन खड़े करने के लिये उचित प्रबंध करते हुये पार्किग व्यवस्था बनाई जावेगी। पार्किग व्यवस्था के नाम पर निर्धारित की गई जगह पर अन्य दूसरे कार्य होते हुये देखे जा रहे है। वही यहां का हाल देखा जा रहा है कि बैक प्रबंधन द्वारा इस सच्चाई को नजर अंदाज कर दिया गया है और जिसका परिणाम है कि इस मुख्य मार्ग के किनारे संचालित होने वाली बैक के उपभोक्ताओं के वाहन मुख्य मार्ग पर ही खड़े होने के कारण यहां पर प्रतिदिन दुर्घटनाओं की संभावना पैदा होते हुये देखी जा रही है? जबकि इस मार्ग की सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह मार्ग शहर का प्रमुख माना जाता है। क्योंकि इसी मार्ग से जहां रेलवे स्टेशन को पहुंचते है तो दूसरी ओर इस मार्ग पर शासकीय चिकित्सालय, पुलिस थाना, न्यायालय, तहसील कार्यालय सहित अनेक सरकारी स्कूल स्थापित है इस स्थिति में यह मार्ग दिन भर चलने के कारण छोटे से लेकर भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। मगर इसी मार्ग के किनारे स्थित बैक के संचालन के कारण मुख्य मार्ग के किनारे ही दिन भर वाहन खड़े रहने वाले वाहनों के चलते लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है और कभी कभी तो हालत यह बन जाती है कि स्कूटी से निकलने वाली छात्राओं से लेकर महिलाओं के साथ यहां पर खड़े रहने वाली मनचलों द्वारा छिटाकशी करने से भी नही चूकते है जिसके चलते लोगों में दहशत का महौल निर्मित होने से नही चूक पाता है? बीते हुये कुछ दिन पहले देखा गया था कि जब पुलिस विभाग का सरकारी वाहन जिला मुख्यालय से कुछ आरोपियों को नगर के न्यायालय में पेशी करने के लिये लाया हुआ था मगर यहां पर लगे हुये जाम के चलते बड़ी ही मुश्किलों के बीच निकल पाया था इस स्थिति में यदि कोई घटना घटित हो जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होता ..? नगरवासियों द्वारा नगर के जिम्मेदार अधिकारियों से अपेक्षा जताई है कि मुख्य मार्ग के किनारे संचालित होने वाली इस बैक के प्रबंधन को शीर्घता के साथ अपने ग्राहकों के वाहन खड़े करने के लिये उचित प्रबंध कराये जावे।

## खबर संक्षेप

### गाड़ासरई में नाली निर्माण पर बनी सहमति, टला प्रस्तावित चक्काजाम



**डिंडोरी।** जबलपुर अमरकंटक मार्ग पर स्थित गाड़ासरई में पिछले लंबे समय से चल रही नाली निर्माण की समस्या का समाधान कर लिया गया है।मंगलवार को इस बाबद चककजाम की चेतावनी के पूर्व सोमवार को एसडीएम राम बाबू देवांगन ने ग्रामीणों की बैठक ली और सड़क के दौनो तरफ 30 फीट की दूरी पर नाली निर्माण की सहमति बन गई। इस दौरान गाड़ासरई में अतिक्रमण हटाने पर भी चर्चा की गई।

### चोरी के शक में दो महिलाओं से मारपीट, पुलिस ने हिरासत में लिया



**डिंडोरी।** कोतवाली थाना अंतर्गत जिला मुख्यालय में स्थित पुरानी सब्जी मंडी के नजदीक चोरी की शंका पर दो महिलाओं के साथ हाथापाई का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की हैं। पूंछतांछ में महिलाओं ने डिंडोरी मे नर्मदा दर्शन करने आने का कारण बतलाया हैए वहीं किसलपुरी गांव से डिंडोरी आई शिवकुमारी ठाकुर ने बताया कि दोनों महिलाएं बगल में ऑटो में बैठी थीए मेरा पर्स खोलकर देखने लगीए इतने मैने एक थप्पड़ मारा एतो दोनों ऑटो से कूद गई। सड़क किनारे सब्जी की दुकान लगाने वाली राखी रैकवार ने बताया कि उस महिला की आवाज सुनकर मैने दौड़ कर दोनों महिलाओं को पकड़ाए इतने में भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस आई और दोनों को थाने ले गई है। थाना निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे ने बताया कि दोनों महिलाओं से पूछताछ की जा रही थाना प्रभारी ने लोगो से अपील की है कि अपने आसपास कोई संदिग्ध या अपरिचित व्यक्ति दिखे या अवैध गतिविधियां संचालित होती दिखे तो तत्काल सूचना दे।

# पेयजल संकट से भड़के धुर्रा के ग्रामीण खाली बर्तनों के साथ किया चक्काजाम

**डिंडोरी।** जिले में गर्मी की आहट के साथ ही जल संकट को लेकर ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शन करना शुरू कर दिया गया है। सोमवार को जिला मुख्यालय के नजदीक ग्राम धुर्रा में ग्रामीणों ने नल जल योजना के तहत पानी सप्लाई बंद होने से परेशान होकर सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। हालांकि प्रशासन की समझाइश और समस्या के निदान के लिए त्वरित कार्रवाई शुरू होने के बाद महज एक घंटे में ही आवागमन बहाल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना से ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध हो रहा है लेकिन विगत दस दिवस पूर्व ग्राम में स्कूल भवन के पास प्रयोगशाला भवन का निर्माण किया जा रहा है निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी से कार्य कराया जा रहा था जहां जेसीबी से पानी सप्लाई किये जाने वाला पाइप क्षतिग्रस्त हो गया और पानी संचालन कार्य बंद हो गया जिससे ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। इस बावद ग्रामीणों ने सरपंच सचिव से पाईप लाईन दुरूस्त करने का आग्रह कर रहे थे लेकिन सरपंच सचिव द्वारा पाईप लाईन दुरूस्त नहीं कराई जा रही थी जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या हो रही थी। जिसके बाद ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया और सोमवार की सुबह लगभग 10ण्30 बजे खाली बर्तन लेकर मार्ग में बैठ गये जिससे आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने के बाद



प्रशासनिक और पुलिस अमला पहुंचा जिनके द्वारा ग्रामीणों को समझाइश दी गई तथा तत्काल पाईप लाईन का सुधार कार्य शुरू करा दिया गया जिसके बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। लगभग एक घंटे तक ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया इस दौरान वाहन चालक और वाहनों में सवार यात्री परेशान होते रहे।

### कागजों में सफल जमीन पर बेअसर दिख रही जल जीवन मिशन योजना

प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन शासन और प्रशासन की कागजी फाइलों को भले सराबोर कर रही हो किंतु योजना जिले में फ्लॉप दिखाई देती है। सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च किये जाने के बाद भी गांव गांव में पानी की टंकियाए पाइप लाइने भले दिखाई दे रही है किंतु ग्रामीणों की प्यास बुझती नहीं दिखाई दे रही है। करोड़ो रुपये खर्च करके कही कुछ टोलेए मुहल्लों में पानी पहुंच पा रहा है तो कही कुछ दिन में ही योजना बंद होने की खबरें आ रही है। कुल मिलाकर जिस तरह सरकार ने इस योजना पर भरपूर राशि खर्च की है वैसे परिणाम जिले में नहीं दिखाई दे रहे है। अधिकांश गांवों में ग्रामीण जल जीवन मिशन से पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। हालांकि विभाग और प्रशासन लगातार योजना की समीक्षाए क्रियान्वयनए लक्ष्य को लेकर व्यस्त है तब भी ग्रामीण खाली बर्तन लेकर सड़के जाम करने को मजबूर है।

## पड़रिया में लाखों की सीसी सड़क एक साल में उखड़ीए गुणवत्ता पर उठे सवाल



**डिंडौरी।** जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम पंचायत पड़रिया 3 में सरपंच सचिव के द्वारा मापदंड को दरकिनार कर सीसी सड़क का निर्माण कराया गया। निर्माण के महज एक साल के भीतर ही सड़क से गिट्टियां निकलने लगी है। ग्राम पंचायत पड़रिया 3 के पोषक ग्राम भालापूरी में जहां लाखो रुपये की लागत से पहुंच मार्ग से स्कूल की ओर सीसी सड़क निर्माण कराया गया है। मामले को लेकर सहायक यंत्री वंदना मार्को ने जांच करने की बात कही है। आरोप लगाया गया हैए सीसी सड़क निर्माण कराने के दौरान निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग किया गया हैए वहीं तय मापदंड के अनुसार कार्य नही कराया गया हैए जिसके चलते सड़क जर्जर हो गई है।

### कच्ची सड़क में बारिश में होती थी परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि सीसी सड़क बनने से पहले कच्ची सड़क थीए जहां पर बारिश के समय में आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन ग्रामीणों की मांग पर ग्राम पंचायत के द्वारा आवागमन के लिए सीसी सड़क का निर्माण कराया गया हैए वो भी घटिया स्तर का है। बताया गया कि सड़क से अभी से ही गिट्टियां निकलने लगी है। आशंका है कि आने वाले दिनों में सड़क पूरी तरह जर्जर हो जायेगी।

### इनका कहना है

आपके माध्यम से जानकारी मिली हैए मैं कल ही जांच करने जाऊंगी।

**वंदना मार्कोए एसडीओए जपं**

## आकांक्षी विकासखंड मेहंदवानी में बालिका शौचालयों की समीक्षा बैठक आयोजित

**मेहंदवानी .** कलेक्टर जिला डिंडोरी अंजू पवन भदौरिया के दिशा.निर्देशानुसार दिनांक 23ण्02ण्2026 को आकांक्षी विकासखंड मेहंदवानी में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत संचालित संपूर्णता अभियान 2ण्0 के तहत शिक्षा विभाग द्वारा बालिका शौचालयों की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई।बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारीए विकासखंड स्त्रोत समन्वयकएआकांक्षी विकासखंड फैलोए विकासखंड अकादमिक समन्वयक एवं जन शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान यू.डाइस ;न्क्प्ैम्द्ध एवं गूगल फॉर्म के माध्यम से सभी विद्यालयों में बालिका शौचालयों की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त कर विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अक्रियाशील एवं निर्माणाधीन शौचालयों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने एवं शीघ्र क्रियाशील बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि



विद्यालय प्रबंधन समिति ;ैडब्द्धए स्कूल मैनेजमेंट फंड तथा संबंधित ग्राम पंचायत के समन्वय से आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए शौचालय निर्माण एवं मरम्मत कार्य निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण किए जाएँ। बैठक में यह भी कहा गया कि बालिका शौचालयों की शत.प्रतिशत कार्यशीलता संपूर्णता अभियान 2ण्0 के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है। सभी संबंधित अधिकारियों एवं जन शिक्षकों को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए।

## आईटीआई शिक्षक ने कमरे में लगाई फांसी




**डिंडौरी।** जिले के अमरपुर चौकी मुख्यालय में संचालित शासकीय आईटीआई भवन के कमरे में एक शिक्षक का शव सोमवार की सुबह फांसी पर लटका मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में चौकी प्रभारी अतुल हरदहा ने बताया कि मृतक अनिल आदिवासी उम्र 26 वर्ष मूलतः शिवपुरी जिले के निवासी थे। वे आईटीआई अमरपुर में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे और आईटीआई भवन में ही एक कमरे में अकेले रह रहे थे। जानकारी में बतलाया गया कि वह अविवाहित थे। आईटीआई स्टाफ द्वारा सुबह पुलिस को सूचना दी गई कि संबंधित शिक्षक न तो दरवाजा खोल रहे हैं और न ही फोन रिसीव कर रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंच गया और दरवाजा खोलकर देखा तो शिक्षक गमछे के सहारे पंखे पर फांसी पर लटके हुए नजर आया। बताया गया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी गई है। उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई हो सकेगी।

## मेहंदवानी के ग्राम झीरधारा कठौतिया में पशु टीकाकरण एवं पशु स्वास्थ्य शिविर संपन्न

### 247 मवेशियों का टीकाकरण एवं 18 का उपचार

**मेहंदवानी .** कलेक्टर जिला डिंडोरी अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में शासन के ष्संपूर्णता अभियान 2ण्0ष् के अंतर्गत आकांक्षी विकासखंड मेहंदवानी के ग्राम झीरधारा ए कठौतिया में पशु टीकाकरण एवं पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन को संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखना तथा पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन पद्धतियों के प्रति जागरूक करना था। शिविर में पशुपालन विभाग की टीम के खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉण अनुराधा पटेलए सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आशीष



पद्माकर एवं रुकमणी चंदेलए मनीराम मरावी ;परिचारकद्धए रामकुमार नेटी ;मैत्री कार्यकर्ताद्धए मोबाइल वेटरनरी यूनिट के डॉण संदीप मरसोले एवं संजय मरावी ;पैरावेटद्ध सहित अन्य सहयोगियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम द्वारा ग्राम के पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार प्रदान किया गया। शिविर के दौरान 247 मवेशियों का गलघोंटू ;एचएसद्ध एवं एकटंगिया ;बीक्यूद्ध जैसे जानलेवा रोगों से बचाव हेतु टीकाकरण किया गया। साथ ही 18 पशुओं का उपचार किया गया तथा कृमिनाशक एवं अन्य आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गयाए जिससे पशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त पशुपालकों को दूध उत्पादन बढ़ानेए संतुलित आहार प्रबंधन एवं मौसमी बीमारियों से बचाव संबंधी विस्तृत परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में पशुपालकों की सहभागिता रही। ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे पशुधन संरक्षण एवं आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# समय-सीमा बैठक में कलेक्टर सख्तए पेयजल बंद होने पर एफआईआर के निर्देश

**डिंडौरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय.सीमा बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओंए विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए 50 से 100 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का निराकरण दो दिवस के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग समय.सीमा का कड़ाई से पालन करें। जल जीवन मिशन एवं नल.जल योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होए ताकि आमजन को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिन ग्राम पंचायतों में योजना हस्तांतरित होने के बाद भी जल प्रदाय नहीं हो रहा हैए वहां संबंधित सरपंच एवं सचिव के विरुद्ध एसडीएम एवं सीईओ जनपद द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। जबलपुर से अमरकंटक मार्ग के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को ग्राम पंचायत गाड़ासरई में सड़क के दोनों ओर



नाली निर्माण करने तथा ग्राम सक्का में पेयजल पाइपलाइन से संबंधित समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों के कारण आमजन को हो रही असुविधा पर गंभीरता बरतते हुए उन्होंने कहा कि समय पर कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। धन.धान्य योजना अंतर्गत कृषिए महिला एवं बाल विकासए मत्स्यए सहकारिताए एनआरएलएम एवं पशुपालन विभागों को कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने शुक्रवार तक सभी हितग्राही मूलक योजनाओं की सूची तैयार कर कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहाए ताकि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा सके। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने के लिए सभी विभागों से नामों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। शासन के निर्देशानुसार प्रारंभ होने वाली जनगणना की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने 26 एवं 27 फरवरी को आयोजित प्रशिक्षण में सभी संबंधित अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा। खाद्य विभाग को ग्रामीण अंचलों में निवासरत पात्र हितग्राहियों के उज्ज्वला गैस कनेक्शन एवं ई.केवाईसी पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिला चिकित्सालय को एएनसी पंजीयनए सिकल सेल जांचए समर्पण सेवा अभियानए यूडीआईडीए मेडिकल प्रमाण पत्रए उपकरण चिन्हांकन एवं वितरण तथा पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गएए ताकि कोई भी दिव्यांगजन शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। पीएम किसान कुसुम सौर ऊर्जा योजना के अंतर्गत जनपद स्तर पर क्लस्टर बनाकर नदी किनारे खेती करने वाले किसानों की सूची तैयार करने तथा 3ए 5 एवं 7 एचपी के सौर ऊर्जा पंप उपलब्ध कराने की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए गए। इसके अतिरिक्त न्यायालयीन प्रकरणए समग्र आईडीए ई.केवाईसीए सीपी ग्रामए पीएम जनमन योजनाए स्वच्छ भारत मिशनए स्कूलों में शौचालयों की साफ.सफाईए नगरीय निर्माण कार्यों की प्रगति तथा राजस्व प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बंटवाराए सीमांकनए नामांतरणए फौती नामा एवं राजस्व वसूली के मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। नीति आयोग के निर्देशानुसार जिले के तीन विकासखंडों में 28 जनवरी 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक संचालित सम्पूर्णता अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने शिक्षाए महिला एवं बाल विकास तथा पशुपालन विभाग को अभियान को परिणामोन्मुखी ढंग से संचालित कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि वे किसी अन्य कार्यक्रम में व्यस्त हों तो अपने स्थान पर अधिकृत अधिकारी को भेजें तथा अनुपस्थिति की सूचना पूर्व में अनिवार्य रूप से दें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए भूमिपूजन के निर्माण कार्यों को बरसात से पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए।

## सड़क पर पत्थर रखने की बात पर युवक को लोहे की सब्बल से किया घायल

**डिंडौरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिमरिया में सड़क पर पत्थर रखने की बात पूछने पर एक युवक को लोहे की गर्म रॉड से घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में पुलिस के अनुसार धर्मेन्द्र कुमार ठाकुर पिता सनत कुमार उम्र 37 साल निवासी ग्राम सिमरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रविवार को सुबह करीबन 11 बजे मै अपने घर से बस्ती तरफ जा रहा था। मेन रोड में गांव का दिलीप कुमार ठाकुर पत्थर रखकर बीच रोड में लकड़ी जलाकर लोहे की सब्बल को गरम कर रहा था। जिससे मोटर सायकल व ऑटो रिक्शा में जाने वाली सवारी व पैदल राहगीर सब रोड बंद होने से खडे थे। मै और चन्द्र प्रकाशए विजय ठाकुरए प्रमोद ठाकुरए लक्ष्मण ठाकुर सभी लोग दिलीप कुमार ठाकुर को समझाये कि रोड क्यों जाम किए हो। इसी बात पर दिलीप कुमार ठाकुर मुझे व मेरे साथ वालों को गाली गलौज देते गरम लोहे की राड से मुझ पर हमला कर दिया जिससे मैं घायल हो गयाए और जान से मारने की धमकी भी दी। रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 126;2द्धए 296 ;बीद्धए 115;2द्धए 351 ;2द्ध का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## आवेदन के बाद एसडीएम ने ली बैठक

**गाड़ासरई** – कई वर्षों से नाली की समस्या से परेशान होकर ग्रामीणों ने कलेक्टर महोदया से बात रखी पर कई महीने बीत जाने के बाद भी नाली का निर्माण नही किया गया। इस कारण गाड़ासरई के ग्रामीणों ने सोमवार को गाड़ासरई थाने में ज्ञापन सौपते हुए बताया कि अगर सोमवार से नाली का कार्य शुरू नही किया तो मंगलवार को बायपास रोड पर गाड़ासरई के लोगो के द्वारा चक्का जाम किया जाएगा । जिसकी जानकारी लगते ही एसडीएम रामबाबू देवांगन ने गाड़ासरई के रेस्ट हाउस पर बैठक कर नाली निर्माण को लेकर चर्चा की और सोमवार की शाम से ही जेसीबी द्वारा नाली का कार्य शुरू किया गया । अभी



त्यौहार के चलते स्टेट बैंक तक नाली खोदी जाएगी वही त्योहार होने के बाद मार्केट में नाली का काम किया जाएगा । रेस्ट हाउस में बैठक के दौरान एसडीएम रामबाबू देवांगन , गाड़ासरई पटवारी वशीम खान के साथ ग्राम के लोग मौजूद रहे, जिसमे महिलाए भी शामिल रही।

**खबर संक्षेप**

### दिव्यांग बच्चों का कराया झोतेश्वर का शैक्षणिक भ्रमण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की विशेष पहल के अंतर्गत सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास नरसिंहपुर के दिव्यांग बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए झोतेश्वर रवाना किया गया। डाइट प्राचार्य राजीव श्रीवास्तव ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में डीपीसी मनीष चैकसे, एपीसी श्रीमती अंजू शर्मा, एपीसी समीर त्यागी, आनंद शर्मा, संतोष वैष्णव एवं दीपक श्रीवास्तव मौजूद थे। भ्रमण के लिए डॉ. मंजू सिसोदिया एवं डॉ. मनीष सिसोदिया द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रावास के वार्डन प्रमोद विश्वकर्मा, समस्त छात्रावास स्टाफ, एमआरसी रश्मि पटवा, स्वतंत्र खरे, ब्रजेश राय एवं कल्पना राय का योगदान रहा।

### कलेक्टर ने ली समय सीमा बैठक



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नरसिंहपुर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य के लिए दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण के प्रथम दिवस का प्रशिक्षण सोमवार को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी चार्ज अधिकारी एवं अनुभाग चार्ज अधिकारी जनगणना के इस कार्य को रूचि लेकर समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में सीएम हेल्पलाइन, टीएल पत्रों एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने लंबित टीएल पत्रकों की समीक्षा की कर समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

### स्टेट हाईवे मरम्मत में लापरवाही, स्कूटी सवार युवती हुई घायल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के अनूपपुर-चचाई राज्य मार्ग में चल रहे मरम्मत कार्य में ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरतने के कारण एक स्कूटी सवार युवती गड्ढे में गिरकर घायल हो गई है, जिसे हाथ और पैर में गंभीर चोट आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूपपुर-चचाई राज्यमार्ग के टूटफूट की मरम्मत कार्य में लगे ठेकेदार द्वारा खोदे गए गड्ढों के लिए किसी भी प्रकार की सुरक्षा या संकेत का पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया है, जिसका खामियाजा एक स्कूटी सवार युवती को भुगतना पड़ा। युवती स्वाति सिंह पिता नरेंद्र सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी चचाई बस्ती मेंडियारास जो कि अपनी स्कूटी में सवार होकर अपने घर की ओर जा रही थी, जहां राज्यमार्ग में ठेकेदार द्वारा किए गए।

## होलिका दहन में गौकाष्ट का ही हो उपयोग: कलेक्टर

# जिला शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**सोमवार कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिले में आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाए जाने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।**

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**





यह बैठक जिले में आगामी 2 मार्च को होली (धुरेड़ी), 8 मार्च को रंगपंचमी, 19 मार्च को चैत्र नवरात्र प्रारंभ और 21 मार्च को ईद-उल-फितर का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने के संबंध में उक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषीकेश मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, पं. मैथिलीशरण तिवारी, डॉ. हरगोविंद सिंह पटेल, लाल साहब जाट, नरेन्द्र राजपूत, विनय जैन, किशन गुप्ता, मनमोहन सिंह सलूजा, तरवर सिंह पटेल, गुड्डु मालगुजार, बलवीर सिंह, दिनेश दुबे, प्रताप सिंह गुमास्ता, शिवकुमार सिंह राजपूत सहित अन्य सदस्यगण और अधिकारी मौजूद थे।

### होलिका दहन में हो गौकाष्ट का उपयोग

बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि जिले में बोर्ड परीक्षाएं संचालित हो रही हैं, इसे दृष्टिगत रखते हुए होली के अवसर पर लाउड स्पीकर निर्धारित स्तर पर ही बजाया जावे। होलिका दहन के दौरान स्वास्थ्य और पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए गौकाष्ट से निर्मित लकड़ी का ही उपयोग किया जाये। इसके लिए वन विभाग के डिपो में भी गौकाष्ट से निर्मित लकड़ी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्यौहारों के समय साफ- सफाई और पानी की आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जाये। सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया कि वे जिला अस्पताल में आकस्मिक चिकित्सा दल की ड्यूटी मय दवाओं सहित लगाना सुनिश्चित करें। साथ ही एम्बुलेंस भी तैयार रखें। रमजान का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाया जा रहा है, इसी तरह की परंपरा जिले में बनी रहे। बैठक में नागरिकों से अपील की गई है वे सभी त्यौहार आपसी सौहार्द और शांति पूर्वक मनाएं।

### त्यौहारों पर वातावरण ना हो दूषित

बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने कहा कि लाउड स्पीकर का उपयोग निर्धारित सीमा में ही किया जावे। होलिका दहन बिजली के तारों के नीचे न करें। साथ ही किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ, टायर आदि का उपयोग होलिका दहन में नहीं किया जावे। जिले में शांति और सद्भाव के साथ त्यौहार मनाया जावे। पुलिस हर चौराहे पर तैनात रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रमजान त्यौहार के दौरान वातावरण दूषित न हो। सभी त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मनाया जावे। यदि कोई व्यक्ति वातावरण को दूषित करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। नवरात्रि के दौरान जवारा जुलूस पूर्व में जिस तरह शांतिपूर्वक निकाले जाते हैं, इसी तरह शांति पूर्वक निकाला जाए। नवरात्रि के दौरान यदि दुर्गा जी की मूर्ति की स्थापना की जाती है, तो यातायात प्रभावित न हो सहित अन्य व्यवस्थाओं का ध्यान रखें। बैठक में कहा गया कि परंपरागत स्थल पर ही होलिका दहन किया जावे। होलिका दहन के दौरान आवागमन और विद्युत तार प्रभावित न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे। रात्रि 11 बजे तक होलिका दहन कर लिया जावे। लोगों से जबरन चंदा नहीं वसूला जावे। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग अनुविभागीय दंडाधिकारी की अनुमति के बगैर न किया जावे।

### अच्छी किस्म के रंग गुलालों का हो विक्रय

जिला शांति समिति की बैठक में व्यापारियों से अपील की गई है कि वे बाजार में अच्छी किस्म के हर्बल रंगगुलालों की ही बिक्री करें। बैठक में निर्देश दिए कि नगर पालिका नगर परिषद फायर बिग्रेड मय चालक दल के साथ पुलिस कंट्रोल रूम में उपलब्ध कराये। शासन के निर्देशानुसार जिले में शराब की दुकानें निर्धारित समय पर बंद कराई जावे। बैठक में बताया गया कि 21 मार्च को ईद उल फितर का त्यौहार मनाया जाएगा, जिसमें ईदगाह मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। सभी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में दुर्गा मंदिरों व नमाज स्थलों पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रखा जावेगा। त्योहारों के दौरान समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारी अपने- अपने क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाएंगे। बैठक के अंत में शांति समिति के सदस्यों ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे जिले में होली एवं अन्य सभी त्योहारों को शांति पूर्वक मनाएंगे।



## छात्रावास में जागरूकता शिविर एवं प्रतियोगिता आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

आदिवासी बालिका छात्रावास नरसिंहपुर में मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट हब फॉर वूमेन इंपॉवरमेंट के तहत जागरूकता शिविर एवं निबंध व पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। यह आयोजन बालिकाओं में जागरूकता, आत्मविश्वास एवं अधिकारों के प्रति सजगता विकसित करने की दिशा में सार्थक पहल सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में छात्रावास की बालिकाओं ने विभिन्न सामाजिक कुप्रथाओं, महिला एवं बाल हिंसा जैसे विषयों को चित्रों एवं निबंधों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। साथ ही उन्हें महिला अधिकारों, सुरक्षा प्रावधानों एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक श्रीमती कलावती ठाकुर, वन स्टॉप सेंटर की सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर अंजिता, परामर्शदाता राधा साहू, यास्मीन एवं सविता रैकवार मौजूद थी।

## आईसना पत्रकार संगठन के समारोह में वरिष्ठ पत्रकार हुए सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



गत दिवस आइसना पत्रकार संगठन द्वारा बरमान में पत्रकार मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ पत्रकारो और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनय डेविड, प्रदेश महासचिव पंडित विनोद मिश्रा, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर नोरिया, प्रदेश संगठन महामंत्री मंत्री प्रशांत बैश्य, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रहलाद कौरव, सचिव कुणाल सिंह, कार्यक्रम के जिला संयोजक, कार्यक्रम प्रभारी और जिला अध्यक्ष राजेश लोधी सहित सभी ने अपने-अपने विचार रखें। वरिष्ठ पत्रकार नीलेश जाट, सौरव राठौर, परमेश्वर कुशवाहा का नगद राशि और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं सामाजिक क्षेत्र मे कार्य करने पर अनुराग भार्गव, जनरल सिंह, लखवीर सिंह, बुद्ध प्रकाश विश्वकर्मा, सुरेश ठाकुर पत्रकार सुभाष तेंगुरिया, चंद्रशेखर मालवीय को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सभी पत्रकार बंधुओ को उनके लिए प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत भाषण मंजीत छाबड़ा तथा आभार केशव स्थापक ने किया।

## रासेयो सात दिवसीय विशेष इकाई शिविर सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष इकाई से शिविर का समापन हुआ जिसका आयोजन ग्राम खैरी में किया गया था शिविर के अंतिम दिवस में शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानी कुमारी, सह प्रभारी प्रो. प्रीति कौरव एवं श्रीमती कल्पना साहू उपस्थिति रहीं। शिविर के अंतिम दिवस में स्वयंसेवकों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया बौद्धिक सत्र प्रारंभ हुआ जिसमें स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्य शिविरों के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं बौद्धिक सत्र के पश्चात रोल कोल में स्वयंसेवक एकत्रित हुए इसके बाद कोर कमेटी के सदस्यों के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी झंडे एकत्रित करके दलनायिका मनीषा राजपूत को सौंपे गए एवं मनीषा के द्वारा झंडे कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानी कुमारी को सौंप गए। शिविर के अंतिम दिवस में स्वयंसेवकों में दलनायिका मनीषा राजपूत, सह दलनायिका गरिमा पांडे, मीडिया प्रभारी श्रुति गुप्ता, पिंकी मेहरा, ज्योति वर्मा, आकांक्षा वर्मा, रमा भारिया, संजना जाटव, किरण मेहरा आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## अपाक्स की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस अपाक्स संघ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष विधि झारिया, संरक्षक काला पहाड़ उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को सुदृढ़ बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए, बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील चैहान प्रचार सचिव सुनीता चैहान कार्यकारिणी सदस्य रीता यादव, रोहित कहार एवं गोटेगांव ब्लॉक अध्यक्ष केदारनाथ कोरी उपस्थित हुए बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक का संचालन एवं आभार जिला अध्यक्ष द्वारा किया गया।

### किराया संशोधन नहीं होने से बस संचालन संकट में, बस ओनर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर।** जिले में बस संचालन को लेकर गंभीर संकट के हालात बनते नजर आ रहे हैं। जिला बस ओनर्स एसोसिएशन अनूपपुर ने बस किराया संशोधन लागू नहीं होने पर कड़ा विरोध जताते हुए कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री और प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपा है। बस मालिकों का कहना है कि लगातार बढ़ रही डीजल कीमत, मेंटेनेंस खर्च, टैक्स और कर्मचारियों के वेतन के बावजूद किराया वर्षों से यथावत है, जिससे बस संचालन घाटे का सौदा बन गया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश शासन द्वारा 24 दिसंबर 2025 और पुनः 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में किराया संशोधन का प्रारूप प्रकाशित किया गया था, लेकिन अब तक उसे लागू नहीं किया गया। इससे बस मालिकों में भारी असंतोष है। वर्तमान में जिले की व्यवस्था के साथ पूरे प्रदेश में बसों का संचालन किया जा रहा है, लेकिन लगातार नुकसान के कारण कई संचालक बसें खड़ी करने को मजबूर हो रहे हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि इस समस्या को लेकर एसोसिएशन द्वारा संबंधित अधिकारियों से कई बार निवेदन किया गया, मगर कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। बस मालिकों ने चेतावनी दी है कि यदि 2 और 3 मार्च 2026 तक किराया संशोधन लागू नहीं किया गया तो प्रदेशभर में बस संचालन बाधित किया जा सकता है। इसका सीधा असर आम जनता, छात्रों, मजदूरों और ग्रामीण यात्रियों पर पड़ेगा। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि संभावित हड़ताल या बस संचालन ठप होने की स्थिति में होने वाली असुविधा की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर हथकरधा और गौशाला केंद्र का किया अवलोकन

**तेंदूखेड़ा**



विगत दिवस संत मोनी महिला महाविद्यालय की छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण दल सागर जिले के रानगिर स्थित हरसिद्धि माता मंदिर तथा बीना बारह स्थित ऐतिहासिक जैन मंदिर हथकरघा का केंद्र गौशाला और महाराजपुर के निकट 64 योगिनी मठ आदि क्षेत्र में वहां की प्राकृतिक छठा प्राकृतिक सौंदर्य धर्म और आस्था के केंद्रो का अध्ययन के लिए भ्रमण किया गया।तेंदूखेड़ा से बस द्वारा रवाना हुये इस भ्रमण दल का नेतृत्व और मार्गदर्शन संस्था के प्रबंध निदेशक डॉ प्रकाश जैन और संस्था की प्राचार्य डॉक्टर किरण प्रभा जैन ने किया साथ में संस्था समिति सदस्य चंद्रभूषण पाठक एनएसएस प्रभारी श्रीमती अरुणा जैन वरिष्ठ प्राध्यापक सीताराम रैकवार समस्त स्टाफ लगभग 40 छात्राएं शामिल थी इसमें छात्राओं ने ऐतिहासिक मंदिरों और ऐतिहासिक मूर्तियां का दर्शन करते हुए बीना बारह में संचालित हथकरघा केंद्र की कार्यप्रणाली प्रशिक्षण केंद्र और युवकों द्वारा बनाये जा रहे आत्मनिर्भर संबंधी गतिविधियों को नजदीकी से देखा और अध्ययन किया इसके अलावा वहां पर संचालित गौशाला की गतिविधियां तथा स्थित गैस प्लांट से बन रही ऊर्जा के उपकरणों का अध्ययन किया । महाराजपुर 64 योगिनी में विशाल वटवृक्ष के दर्शन करते हुए सामूहिक भोज के दौरान आनंद लुप्त उठाते हुए प्रसन्नतापूर्वक समस्त स्टाफ छात्राओं का दल संध्या समय अपने घर वापस लौटा। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने स्टाफ के दिशा निर्देशों और अनुशासन का पूरी तरह से पालन किया।